>

Title: Regarding non-allocation of funds on the proposal received from the Block Panchayats under MGNREGA.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि जो शून्य काल में सम्मानित सदस्य अपनी बात रखते हैं उन्हें मंत्रालय भिजवाकर इस पर कार्रवाई करवायें। उसी कड़ी में विगत पिछले वर्ष यह देखा गया है कि मनरेगा की धनराशि ग्राम पंचायतों को डायरेक्ट जाती है। क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत को नहीं जा रही है जबकि केन्द्र की यह योजना है कि जिला पंचायत के अलावा यह राशि क्षेत्र पंचायतों में जाए। उपाध्यक्ष जी, आप भी जानते हैं कि जिला सतर्कता निगरानी समिति के सभी सम्मानित सदस्य अध्यक्ष हैं, लेकिन बार-बार वहां कहने के बावजूद भी उसका इम्प्लीमेंटेशन नहीं हो पाता। अभी माननीय मंत्री जी को भी मैंने इस बारे में कहा है। क्षेत्र पंचायत एक तरीके से विकास की कड़ी ग्रामीण क्षेत्रों में होती है। हमारे यहां दो स्तर पर व्यवस्था है, एक प्रधान जिसे डायरेक्ट धनराशि जाती है, दूसरा बीडीसी जो क्षेत्र पंचायत का सदस्य होता है वह बिल्कुल बेकार रहता है, निरीह और बेसहारा रहता है। उसके पास कोई काम नहीं रहता है। अगर यह धनराशि क्षेत्र पंचायत ब्लॉक स्तर पर जाए तो मेरे ख्याल से क्षेत्र पंचायत जो बीडीसी के सदस्य हैं वे काम कराएं, उनके हाथों में भी काम आयेगा और क्षेत्र का भी विकास होगा। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री रवनीत सिंह एवं धनंजय कुमार जी को श्री शैलेन्द्र कुमार जी के विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।